दिनांक 24.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी से भेंटकर लगातार क्षेत्र के नागारिकों के द्वारा कुत्ते एवं सुअर के आतंक से बचाये जाने का अनुरोध किया गया था। वार्ड नागरिकों के द्वारा श्री यादव से शिकायत की थी कि यहां पर आवारा कुत्ते एवं सुअर के द्वारा गंदगी फैलाने एवं इस मार्ग से गुजरने वाले व्यक्तिओं को काटने के लिए दौड़ते हैं जिससे आये दिन अप्रिय घटना होती रहती है। इसके बचाव किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निवेदन नागरिकों ने किया था, जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए निगम महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी , कर्मचारियों की समीक्षा बैठक अपने कक्ष में ली थी। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारियों को क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा पशुओं पर नियंत्रण किये जाने तथा क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा कुत्ता एवं सुअर को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये थे।

नगर पालिक निगम, भिलाई के स्वास्थ्य विभाग का पुरा अमला आज जोन 01 नेहरु नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 08 आर्य नगर कोहका में छापेमारी की कार्यवाही कर आवारा घुमते हुए पाये जाने वाले 12 सुअरों को पकड़ा गया। पकड़े गये सुअरों को जंगल में छोड़ा जायेगा।

निगम महापौर श्री यादव एवं निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों एवं सुअरों के आतंक से आम नागरिकों को बचाये जाने के संबंध में इन पशुओं के नियंत्रण किये जाने हेतु इस तरह के अभियान निरंतर चलाते रहें एवं प्रतिदिन ऐसे स्थान जहां पर कुत्ते एवं सुअर बहुतायात मात्रा में पाये जाते हैं ऐसे स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और की गई कार्यवाही से अवगत करावें।